# काहे कन्हैया तुमको तनिक सुध नाही भजन लिरिक्स

काहे कन्हैया तुमको,
तनिक सुध नाही,
लाखों पापी तारे,
क्या मेरी बारी नाही।bd।

तर्ज – काहे सैयां तेरी मेरी।

---

तन प्रभु तेरा मन भी ये तेरा,
मेरा तो कुछ भी न दिया सब तेरा,
तेरा तुझे सौपूं प्रभु जी,
मेरा कुछ नाही,
लाखों पापी तारे,
क्या मेरी बारी नाही।bd।

---

आज सफल हुआ जनम हमारा,
सतगुरु का जो मिल गया द्वारा,
गुरु मिले गोविंद मिल गए,
अब तो फिकर नाही,
लाखों पापी तारे,
क्या मेरी बारी नाही।bd।

---

गणिका गीध अजामिल तारे,
सदन कसाई के बन गए प्यारे,
‘राजू’ खड़ा दर पर तेरे,
मुझपे नजर नाही,
लाखों पापी तारे,
क्या मेरी बारी नाही।bd।

---

काहे कन्हैया तुमको,
तनिक सुध नाही,
लाखों पापी तारे,
क्या मेरी बारी नाही।bd।

लेखक / गायक – राजू बिदुआ।
मो. 9179113103

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com